हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 24 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 ट्रेचिंग ग्राउंड में ट्रामेल मशीन स्थापित वैज्ञानिक पद्धति ...



14 किसानों को बांस की उन्नत खेती का दिया गया प्रशिक्षण



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कमेटी को होली मिलन समारोह आज

**कवर्धा।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार 24 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार 24 मार्च को जिला मुख्यालय कवर्धा के सिग्नल चौक स्थित कांग्रेस भवन में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल उपस्थित रहेंगे। उन्होने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

### अहिरवार समाज का करियर काउंसलिंग 14 को

**कवर्धा।** भारत के शिल्पकार संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर गुरु कृपा युवा कल्याण समिति के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पंचायत बोड़ला के भारत भवन में 14 अप्रैल को दोपहर 3.00 से शाम 6.00 बजे तक अहिरवार समाज के बच्चों का करियर काउंसलिंग आयोजित किया जाएगा। जिसमें कक्षा 10 वीं और 12 वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों का करियर काउंसलिंग के साथ-साथ कक्षा चौथी, पांचवी और 9 वीं अध्ययनरत छात्रों की सर्वे सूची तैयार कर ग्रीष्मकालीन समर कैंप आयोजित कर नवोदय विद्यालय की तैयारी कक्षा दसवीं प्रवेश के पूर्व गणित, अंग्रेजी के विषय की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य योजना तैयार किया गया है। इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए समिति के अध्यक्ष पूनाराम पनागर ने समाज से अपील की है।

### अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे कोषालय


**कवर्धा।** जिले में शासकीय अवकाश के दिन भी कोषालय खुले रहेंगे। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से संबंधित देयक 28 मार्च तक कोषालयों व उप कोषालयों में लगाए जाने वाले देयकों को पारित करने के लिए शासकीय अवकाश 29 व 30 मार्च को समस्त कोषालयों व उप कोषालयों को खुला रखने के निर्देश दिए हैं।

### संचालित दीपा राइस मिल में लगी भीषण आग

**रवेली।** जिले के पाण्डातराई थाना क्षेत्र ग्राम सोढ़ा में संचालित एक राईस मिल में बीते शनिवार की शाम अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण सार्ट सार्किट को बताया जा रहा है। घटना के बाद इस अग्रि दुर्घटना की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन तथा दमकल अमले को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दो दमकल की मदद से इस आग पर काबू पाया जा सका।

## अभियान : उल्लास साक्षरता परीक्षा अभियान को लेकर जिलेभर में दिखा उत्साह

# जिले में पति-पत्नी, सास-बहू, देवरानी-जेठानी व सरपंच सहित 6567 शिक्षार्थियों ने दी परीक्षा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उल्लास साक्षरता परीक्षा अभियान जिले में प्रशासनिक व शिक्षा विभाग की देखरेख में रविवार सफलता पूर्वक आयोजित की गई। इस महापरीक्षा में शामिल होने जोर-शोर से अभियान चलाया गया । पूरे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के 6567 महिला-पुरुष उल्लास साक्षरता परीक्षा अभियान में शामिल हुए। परीक्षा देने वाले महिला पुरुषों को शिक्षा विभाग ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके अलावा इस परीक्षा अभियान में रोमांचकारी माहौल भी देखने मिला।

अभियान में जहां एक साथ बैठ कर सास-बहू, देवरानी-जेठानी, पति-पत्नी ने साक्षर होने परीक्षा दी, तो वहीं नवनिर्वाचित महिला सरपंच भी परीक्षा में शामिल हुईं। शासकीय प्राथमिक शाला अकोला विकासखंड साजा में शिक्षार्थी में से कांति, जानकी और कौशल्या साहू आपस में देवरानी-जेठानी हैं, जो एक ही परिवार से हैं। जानकी साहू एक मूक बधिर शिक्षार्थी है, वहीं, भीमबाई यादव दृष्टिबाधित शिक्षार्थी है। इसी तरह शासकीय प्राथमिक शाला खाती में दर्ज 15 शिक्षार्थी में से 60 वर्षीय बिमला और 45 वर्षीय रानी बाई आपस में सास-बहू हैं, जो शिक्षार्थी के रूप में परीक्षा दिलाने पहुंचीं। सास-बहू ने इस दौरान अक्षर ज्ञान को प्रदर्शित किया।





### घर-घर पीला चावल व पर्ची देकर किया गया था आमंत्रित

इससे पूर्व सभी शिक्षार्थी को केंद्र तक लाने के लिए घर-घर आमंत्रण पर्ची देकर संपर्क किया गया था। घर-घर पीला चावल देखकर उन्हें विधिवत आमंत्रित किया गया था। तथा सभी परीक्षा केन्द्रों में शिक्षार्थियों के लिए चाय पानी और स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी कई परीक्षा केन्द्रों में शिक्षार्थी को भोजन भी खिलाया गया। इसी कड़ी में विकासखंड स्रोत समन्वयक साजा बीडी बघेल ने शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी का निरीक्षण किया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के व्याख्याता थलज कुमार साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला करेसरा, अकोला एवं खाती का निरीक्षण किया।जिला शिक्षा एवं शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने परीक्षा केन्द्र नवागाँव खुड़मुड़ी का निरीक्षण किया। यहाँ केंद्राध्यक्ष निशा सोनी के निर्देशन में 25 शिक्षार्थी सम्मिलित हुए। शिक्षार्थियों के लिए यहाँ भोजन की व्यवस्था की गई। जहाँ प्राचार्य जे के घृतलहरे ने शिक्षार्थी को भोजन परोसने का कार्य किया। ग्राम साल्हेपुर, जिला मुख्यालय के कोबिया स्थित शासकीय प्राथमिक शाला कोबिया में उल्लास साक्षरता नवभारत महा परीक्षा अभियान सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

### प्रतापपुर की सरपंच कलिंद्री भी हुईं शामिल

इस अभियान में रोचक विषय यह भी रहा कि ग्राम पंचायत प्रतापपुर की नवनिर्वाचित महिला सरपंच कलिंद्री सिवारे गांव के शासकीय प्राथमिक शाला प्रतापपुर में एक परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में शामिल हुईं। परीक्षा केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला कारेसरा में 10 शिक्षार्थी दर्ज हैं, जिनमें से सभी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर शर्मा ने किया उल्लास महापरीक्षा केंद्र का निरीक्षण



**बेमेतरा।** बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आंकलन परीक्षा उल्लास कार्यक्रम के तहत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का कलेक्टर रणबीर शर्मा ने निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला ओटेबन्ध मेंतीन स्वमसेवी शिक्षक जागेश्वरी साहू, किरण साहू, रिंकी साहू तथा शिक्षक रामखिलावन वैष्णव प्रधान पाठक, सौरभ तिवारी सहायक शिक्षक एलबी, सुनीता साहू सहायक शिक्षक एलबी, भुनेश्वरी शर्मा सहायक शिक्षक एलबी, की मेहनत से 24 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 14 पुरुष 04 महिला परीक्षार्थी मौजूद रहे। वहीं, शासकीय प्राथमिक शाला सावंतपुर संकुल निनवा पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 19 में से 19 परीक्षार्थी शामिल हुए। सावंतपुर केंद्र में दो जोड़ी सास-बहू की थी। सास रमौतीन चक्रधारी बहु गौरी चक्रधारी, सास दुलारी चौहान बहु केंवरा चौहान तथा कलेक्टर रणबीर शर्मा को एक महिला परीक्षार्थी बबिता दाण्डे बकायदा पढ़कर व लिखकर बताया। कलेक्टर ने सभी परीक्षार्थियों से बातचीत किए तथा शिक्षित होने फायदों के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, जिला शिक्षा विभाग के एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, विकास खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार खरे, संकुल प्राचार्य सुनीता तिवारी,संकुल शैक्षिक समन्वयक आकाश सोनी, केंद्राध्यक्ष रामकुमार साहू, शिक्षक साथी प्रहलाद यादव, ईश्वरी प्रसाद धृतलहरे, स्वमसेवी शिक्षिका खेमेशरी देवांगन, सुमित्रा निषाद, सफाई कर्मचारी नागेश्वर निषाद, ग्राम कोटवार कृष्णा निषाद, जागरूक कर्मठ ग्रामीण विमल कुमार इस अभियान में उपस्थित थे।

### चीजगांव में 17 में से 13 असाक्षरों ने दी परीक्षा



**बेमेतरा।** उल्लास नवभारत साक्षरता के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों में 23 मार्च को परीक्षा हुई। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए घर-घर पहुंचकर आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम की सफलता हेतु शासकीय प्राथमिक शाला चीजगांव के प्रधान पाठक लोकेश साहू, सहायक शिक्षक परमानंद तिवारी, सफाईकर्मी दिनेश साहू, स्वयं सेवी शिक्षक अजय साहू, शिक्षिकाएं मधु साहू एवं प्रिया साहू का विशेष योगदान रहा। ग्राम चीजगांव में कुल 17 परीक्षार्थियों में से 13 असाक्षरों ने परीक्षाएं दी। उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन 2024-25 के तहत हो रहे परीक्षा की जायजा लेने साजा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी निलेश कुमार चंद्रवंशी समेत हॉटरांका संकुल समन्वयक पीलूराम साहू एवं संकुल प्राचार्य अभिलाष जैन मुख्य रूप से पहुंचे। प्रशिक्षार्थियों से वार्तालाप भी किया । साथ ही सम्मिलित होने वाले सभी प्रशिक्षार्थियों को धन्यवाद दिया। उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन परीक्षा में विभिन्न प्रकारों की प्रश्न पूछा गया। प्रश्न में सही जोड़ी का मिलान करे, सही उत्तर में गोला करें, स्कूल का नाम, वस्तुओं की संख्या को देखकर मिलान करना, दो अंकों की जोड़ना,घटाना,गुणा एवं भाग पूछा गया। सभी प्रशिक्षार्थी का चेहरा चित्र मिलाने को देखकर खिल उठा। प्रशिक्षार्थी सुबह 10 बजे नियत समय पर पहुंचे। सभी को पेन दिया गया। प्रशिक्षार्थियों को स्वल्पाहार भी करवाया गया। स्वल्पाहार में समोसा एवं जलेबी बांटी गई।

### बेरला विकासखंड के 165 केंद्रों में हुई उल्लास नवभारत साक्षरता महापरीक्षा



**बेरला।** विकासखण्ड बेरला में रविवार राष्ट्रव्यापी उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में महापरीक्षा के अंतर्गत विकासखंड बेरला के 165 केंद्रों में परीक्षा संपन्न किया गया। उक्त परीक्षा को संपन्न करने हेतु 6 महीने पूर्व स्वयं सेवी शिक्षकों के माध्यम से लगातार इन असाक्षर को पढ़ाया जा रहा था, इन्हें पढ़ने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत के प्राथमिक शाला को अधिकृत किया गया था। जहां पर शाम 4:00 बजे के बाद विद्यालय में ही स्वयं सेवी शिक्षकों के माध्यम से उनकी पढ़ाई संपन्न की जाती थी। अतः इस परीक्षा में ऐसे परीक्षार्थी बैठे हुए है जिन्होंने 200 घंटे की अवधि पूर्ण करते हुए साक्षर होने हेतु उक्त परीक्षा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किए है। अतः इस राष्ट्रव्यापी महा परीक्षा में विकासखंड बेरला के विभिन्न केंद्रों से 1896 महिला-पुरुष ने साक्षर होने के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस महा परीक्षा के आयोजन हेतु राज्य कार्यालय से प्रश्न पत्र का वितरण किया गया था। महा परीक्षा का निरीक्षण एवं और अवलोकन विकासखंड बेरला के विकास खंड शिक्षा अधिकारी जेपी करमाकर, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अदेश कुमार एवं नारायण ठाकुर, बीआरसी बेरला खोमलाल साहू के माध्यम से लगातार विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण और अवलोकन करते हुए आवश्यक व्यवस्था हेतु विकासखंड बेरला के समस्त संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक को नोडल एवं सहायक नोडल अधिकृत करते हुए उक्त महापरीक्षा को शांति रूप से संपन्न किया गया।

### उल्लास साक्षरता परीक्षा केंद्र का डीईओ ने किया निरीक्षण




**बेमेतरा।** उल्लास कार्यक्रम को पूर्ण सफल करने के उद्देश्यों से विभिन्न उल्लास परीक्षा केंद्र का जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने दौरा किया। स्थिति को जांचते हुए कई दिशा निर्देश दिये। उन्होंने उल्लास परीक्षा केंद्र शासकीय प्राथमिक स्कूल खिलोरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। जहाँ पर परीक्षा में कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों 20 में से 15 परीक्षार्थी शामिल हुए। संकुल शैक्षिक समन्वयक के मार्गदर्शन में प्रत्येक परीक्षार्थियों, शिक्षार्थी, निरीक्षण टीम के लिए भी भोजन की व्यवस्था की गई थी। निरीक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार खरे, शिक्षा विभाग के एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, संकुल शैक्षिक समन्वयक नीलेश सोनी, सत्येंद्र सिंह, गैंदराम वर्मा, संकुल प्राचार्य शर्मा, सोनी मैडम, नवनिर्वाचित सरपंच व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्राम दारगांव ग्राम में हुई बैठक में चर्चा के बाद लिए गए कई निर्णय

# महिला कमांडो ने नशा मुक्त समाज निर्माण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बैठक में पद्मश्री शमशाद बेगम व भाजपा नेता योगेश विशेष रूप से हुए शामिल

दारगांव ग्राम में महिला कमांडो की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक भाजपा नेता योगेश तिवारी बतौर अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगाना और नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस दिशा में संगठित प्रयास करने का संकल्प लिया।

महत्वपूर्ण बैठक में सहयोगी जनकल्याण समिति एवं नारी सशक्तिकरण की प्रेरणा पद्मश्री शमशाद बेगम विशेष तौर पर मौजूद रहीं। बैठक के दौरान महिला कमांडो ने नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया। उन्होंने संकल्प लिया कि वे गांव-गांव में जनजागरूकता अभियान चलाकर समाज को इस बुराई से बचाने के लिए संगठित होकर कार्य करेंगी। इस दौरान योगेश तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आश्वासन दिया कि महिला कमांडो को गृह एवं कुटीर उद्योगों के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने इस बात का भी भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए कुशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।



### महिला कमांडो को फिर से सक्रिय करने का निर्णय

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि महिला कमांडो को फिर से सक्रिय किया जाएगा और गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाकर प्रत्येक नागरिक को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा। उपस्थित सभी महिलाओं ने एकजुट होकर नशा मुक्त समाज का संकल्प लिया और इसे सफल बनाने का दृढ़ निश्चय किया। इस अवसर पर डॉ. एनके तिवारी, राकेश साहू, पद्मश्री शमशाद बेगम, रफीक भैया, ग्राम सरपंच केजिया ठाकुर, उपसरपंच सतरूपा चतुर्वेदी, पंचायत सदस्य रेखा साहू, महिला कमांडो अध्यक्ष बिमला और ओशमनी समिक सहित क्षेत्र के अन्य सदस्य प्रमुख रूप से शामिल हुए।

# ग्राम संडी स्थित सिद्धि माता मंदिर में बंद होगी बलि प्रथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जिला मुख्यालय के समीप ग्राम संडी में स्थित सिद्धि माता मंदिर पर बलि प्रथा बंद करने का निर्णय लिया गया है।इस संबंध में संडी में सिद्धि माता मंदिर में बलि प्रथा समाप्त करने को लेकर दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद की मौजूदगी में हुई बैठक बीते कई वर्षों से विरोध का स्वर जोरशोर से उठ रहा है। इस प्रथा को लेकर आंदोलन भी किया जा रहा है। इसी मुद्दे पर दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज धरने पर बैठ गए थे। प्रशासन के आश्वासन पर अपना धरना समाप्त किए थे। रविवार दांडी स्वामी की अध्यक्षता पर ग्राम देवरबीजा में सिद्धि माता समिति संडी, सामाजिक संगठन, ग्राम सरपंच व ग्राम संडी के सरहदी ग्रामों के सरपंच सहित प्रशासन एवं पुलिस के मध्य सिद्धि मंदिर में बलि प्रथा को समाप्त करने के लिए बैठक आयोजित किया गया।इस दौरान बलि प्रथा पर रोक लगाने के लिए बैठक में मौजूद लोग एक स्वर में सहमत हुए ओर अपने लेटर पेड में लिखित रूप में बलि प्रथा के रोक संबंधित पत्र सामूहिक रूप से दिया गया।



बैठक में यह तय किया गया कि बलि नहीं दी जाएगी और ग्राम की निजी या शासकीय भूमि पर बलि प्रथा संबंधित कार्य किया जा रहा है, उन पर आर्थिक दण्ड तथा कार्यवाही ग्राम पंचायत द्वारा की जाएगी। इस कार्य में प्रशासन तथा पुलिस का सहयोग प्राप्त होगा। इस पर सभी पक्ष सहमत हुए तथा भविष्य में हमेशा के लिए लागू रहेगा। इस अवसर पर सदस्यों ने हस्ताक्षर किए। बैठक में दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद आश्रम सलधा, रामकुमार साहू अध्यक्ष मंदिर समिति संडी, सेवाराम सरपंच संडी, तहसीलदार बेरला जयंत पटले, एसडीओपी मनोज तिर्की बेमेतरा, हेमलाल देवांगन सरपंच देवरबीजा, जितेंद्र शुक्ला जिला अध्यक्ष ब्राह्मण समाज, सियाराम सरपंच सलधा, गणेश साहू सरपंच ग्राम पंचायत डंगनिया, रोमन पांडे, सुशील कुमार साहू सोंढ कबीर पंथी समाज, डोमार दास, वेद कुमार, बिल्लू दास, संतु, किशुन साहू, अजय, रोशनदान, टुम्मनदास, ब्रम्हपटेल कबीरधाम, लेखमणि पांडे, मोहित राम इत्यादि उपस्थित हुए।

## सार समाचार



### कलाकारों ने की सौजन्य भेंट

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव से दाऊ मंदराजी धरोहर मंच के कलाकारों ने सौजन्य भेंट कर गुलदस्ता देकर सम्मान किया। साथ ही एक अप्रैल मंदराजी जयंती (कन्हारपुरी) का आमंत्रण दिया।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में कृषि के डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 19 मार्च को ग्राम मलपुरी में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, एनआईसी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई इनोवेसन एंड टेक्नोलोजी फौंडेसन द्वारा वित्तीय पोषित कार्यक्रम का सफल प्रशिक्षण कराया गया। जिसमें आदिवासी कृषको को क्रॉप डॉक्टर मोबाइल एप को इंस्टाल कराकर उसके उपयोग एवं लाभ की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने फल एवं सब्जियों के उत्पादन तकनीकी एवं क्रॉप डॉक्टर एप के माध्यम से मिलने वाली जानकारी प्रदान की। डॉ. अतुल डांगे ने एप के माध्यम से कृषि यंत्रीकरण एवं डिजिटल कृषि मार्केटिंग पर व्याख्यान दिया। अंजलि घृतलहरे ने मृदा परीक्षण एवं एप के माध्यम से फसलों में होने वाले पोशक तत्वों की पहचान एवं निराकरण पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. योगेंद्र श्रीवास ने एप को इंस्टाल कराकर एप्प की संपूर्ण जानकारी। साथ ही मौसम आधारित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा विकसित एप्प दामिनी, जो कि आकाशीय बिजली से होने वाले नुकसान से बचने एक उपयोगी एप्प है, जो बिजली गिरने की संभावना का पूर्वानुमान लगाकर लोगों को सचेत करता है।




### चयन परीक्षा 30 मार्च को

**राजनांदगांव।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 30 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री राजनांदगांव में आयोजित की गई है। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र के साथ परीक्षा के आधा घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होने कहा गया है।

### युवाओं के विचारों की प्रशंसा

**राजनांदगांव।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देशभर के युवाओं के विकसित भारत संबंधी विचार जानने के उद्देश्य से विकसित भारत युवा संसद 2025 जिला स्तरीय जिला राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं मानपुर-मोहला का आयोजन मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक राजनांदगांव में किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव शामिल हुए। उन्होंने विकसित भारत से संबंधित युवाओं के विचारों की प्रशंसा करते कहा कि आप ही देश के भावी युवा पीढ़ी है, विकसित देश के निर्माणकर्ता है। अतिथि के रूप में जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र राजनांदगांव के नितिन शर्मा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि भिलाई के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डीएस रघुवंशी शामिल हुए। उपरोक्त प्रतियोगिता में डिप्टी कलेक्टर प्रकाश टंडन, सहायक प्राध्यापक संजय सप्तऋषि, समाजसेविका डॉ. साधना तिवारी एवं छात्र युवा मंच के प्रदेश संयोजक नागेश यदु निर्णायकगणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




### हिन्दू नववर्ष पर 30 को निकलेगी शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** हिन्दू नववर्ष के अवसर पर 30 मार्च को विश्व हिंदू परिषद एवं सभी सनातनी समाजिक संगठनों द्वारा बाइक शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। हिंदू नववर्ष को एक त्यौहार के रूप में पारंपरिक तरीके से सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के साथ सनातनी समाज द्वारा मनाया जाता है। बाइक शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं बाइक में सवार होकर हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं देती है। यह महिलाओं की शक्ति और सशक्तिकरण का प्रतीक है। विगत कई वर्षो से निकाली जा रही इस भव्य बाइक शोभायात्रा को इस वर्ष भी सफलतापूर्वक आयोजित करने परिषद के जिला कार्यालय महावीर चौक में संगठन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में तय किए गए कार्यक्रम अनुसार 30 मार्च को संध्या 04 बजे महावीर चौक हनुमान मंदिर से यह बाइक शोभायात्रा प्रारंभ होगी। बैठक में 7 अप्रैल को रामनवमी के उपलक्ष्य पर रामनवमी शोभायात्रा समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा के आयोजन पर भी सारगर्भित चर्चा संपन्न हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश सहमंत्री नंदूराम साहू, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, अरूण गुप्ता, अनूप श्रीवास, सुनील सेन, योगेश बागड़ी, राहुल बलदेव मिश्रा, अंकित खंडेलवाल, बाबाजी मेश्राम, जुगल शर्मा, संगीता शुक्ला, अंजलि वाडेकर, बबीता मिश्रा, हर्षवर्धन शर्मा, टीकाराम त्यागी, चंद्रेश जैन, अखिलेश गुप्ता, रामावतार जोशी, विलास नारायण राव, प्रशांत सोनी, योगेश मुदलियार, प्रवीण शर्मा, गणेश देवांगन, राहुल ताम्रकार एवं अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।



### संगीत के बीच मनेगी मंदराजी की जयंती

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ी लोकरंग शैली नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी की जयंती कार्यक्रम आगामी 01 अप्रैल को कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 में धूमधाम से मनाया जाएगा। दाऊ मंदराजी धरोहर मंच कन्हारपुरी के तत्वावधान में मंदराजी गौठान में 01 अप्रैल को आयोजित दाऊ मंदराजी जयंती का भव्य कार्यक्रम इस बार लोक गायिका प्रधान कलाकारों के रंगारंग गीत-संगीत की प्रस्तुति के बीच होगा। जिसमें पंडवानी गायन, भरथरी गायन से लेकर कर्मा, ददरिया लोक गीतों सहित एक से बढ़कर एक छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति सुप्रसिद्ध लोक गायिकाओं व अन्य कलाकारों द्वारा दी जाएगी। वहीं कार्यक्रम में कचरा-बोदरा जैसे कामेडी का धांसू तड़का भी देखने मिलेगा। इस संबंध में लोक गायक महादेव हिरवानी के निवास कन्हारपुरी में वार्डवासियों सहित लोककला धर्मियों व लोककला अनुरागियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्षद प्रतिनिधि युवराज सिंह ढीरहेर ने की। इस अवसर पर अनुरागी राकेश इंदू भूषण ठाकुर, आत्माराम कोशा, चतुर सिंह बजरंग, नत्थन दास, छन्नुदास, महादेव हिरवानी, मनहरण साहू, सीताराम श्रीवास, मानसिंह, पवन यादव, दिनेश साहू, खेमचंद हिरवानी, लोकेश हिरवानी, सहदेव दीवान, आनंदराम सार्वा, धन्नुलाल श्रीवास, राजू नाग सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं कलाधर्मियों की उपस्थिति रही। मानसिंह मौलिक ने बताया कि एक अप्रैल की सुबह 10.30 बजे से देर शाम व रात तक दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही है। उक्ताशय की जानकारी पवन यादव पहुना ने दी।



# आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने आज से तीन दिन तक लगाए जाएंगे विशेष शिविर

## 24 से 26 मार्च तक ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे शिविर

- 70 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का 5 लाख तक का होगा मुफ्त इलाज
- ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर 27000 कार्ड बनाने का रखा गया लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 24 से 26 मार्च तक विशेष वय वंदन कार्ड महाअभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर वरिष्ठ नागरिकों के वय वंदना कार्ड बनाए जाएंगे। इस महाअभियान में 27000 से अधिक वय वंदना कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। शिविरों का संचालन वीएलई, कॉमन सर्विस सेंटर, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ ऑपरेटर, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) की महिला समूह, बैंक सखी एवं अन्य विकासखंड स्तरीय कर्मचारी करेंगे।

### दस्तावेज और आवश्यक प्रक्रिय

वय वंदना कार्ड बनाने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। यदि हितग्राही का पूर्व में आयुष्मान कार्ड बन चुका है, तो वय वंदना कार्ड के लिए ई-केवायसी अनिवार्य होगा। वरिष्ठ नागरिक स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या सरकारी अस्पतालों व चॉइस सेंटरों पर निःशुल्क ऑफलाइन कार्ड बनवा सकते हैं।

### कलेक्टर ने की कार्ड बनवाने की अपील

कलेक्टर रणबीर शर्मा सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जिला पंचायत) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बेमेतरा ने नागरिकों से अपील की है कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी हितग्राही शीघ्र अपना वय वंदना कार्ड बनवाएं ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या आर्थिक संकट से बचा जा सके।परिवार के कोटे से अलग वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित करने के लिए वय वंदना कार्ड बनवाना अनिवार्य है।

**वय वंदना कार्ड के लाभ :** आयुष्मान योजना के तहत बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवारों को 5 लाख रुपए एवं एपीएल (गरीबी रेखा से ऊपर परिवारों को 50 हजार रुपए तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिलती है। लेकिन 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से वय वंदना कार्ड जारी किया जाएगा, जिससे उन्हें अलग से 5 लाख रुपए तक के व्यक्तिगत इलाज की सुविधा मिलेगी।

## राज्यपाल ने की महिलाओं की सराहना, उनकी आत्मनिर्भरता को प्रेरणादायक बताया

# स्व सहायता समूह की महिलाओं से मिले राज्यपाल रमेन डेका, आर्थिक गतिविधियों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्यपाल रमेन डेका ने बीते शनिवार बेमेतरा प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट के दृष्टि सभाकक्ष में स्वसहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात की और उनकी आर्थिक गतिविधियों की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सीआर प्रसन्ना, कलेक्टर रणबीर शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण, सीईओ जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान महिलाओं ने बताया कि वे मछली पालन, बकरी पालन, सब्जी-भाजी उत्पादन और तीज-त्यौहार की सामग्री निर्माण जैसे विभिन्न कार्य कर रही हैं। हाल ही में होली पर बनाए गए हर्बल गुलाल की काफी मांग रही, जिसे कलेक्ट्रेट परिसर में भी बेचा गया। राज्यपाल ने बकरी पालन को एक अच्छे व्यवसाय के रूप में चिन्हित करते हुए कहा कि इससे न केवल दूध उत्पादन होता है, बल्कि अन्य आर्थिक लाभ भी जुड़े हैं। उन्होंने मछली पालन के साथ-साथ बतख पालन और अन्य नवाचारों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने महिलाओं से व्यवसाय से आर्थिक लाभ, लिए गए ऋण और किस्त जमा करने संबंधी भी जानकारी ली ।राज्यपाल ने कहा कि बैंक ऋण किस्त की अदायगी समय पर करने से आपकी और आपके समूह की अच्छी साख (गुडविल) बनती है। बाद में ऋण लेने पर ज़्यादा दिक्कत भी नहीं आती। उन्होंने कहा आप सब अच्छा काम कर अपनी आय में बढ़ोतरी कर आपने परिवार की आर्थिक स्थिति मज़बूत कर रही है । कई सरकारी योजनाएं महिलाओं और उनके परिवार की अच्छी आर्थिक मजबूती करने के लिए चल रही हैं, उनका लाभ उठाएं।




### राज्यपाल ने पूछा- कौन-कौन सी मछलियां पाल रहे हैं

स्वसहायता समूह की राजेश्वरी धीवर ग्राम हसदा ने बताया कि वह मछली पालन कर अच्छी कमाई कर रही हैं। राज्यपाल ने पूछा कि कौन-कौन सी मछली पाल रही हैं। राजेश्वरी ने बताया कि रोहू, कतला, मृगल का पालन कर रही हैं।वहीं, नीलिमा यादव सहित चार महिला स्व सहायता बकरी पालन को अपने आर्थिक सशक्तिकरण का जरिया बनाया। प्रारंभ में केवल दो बकरियों के साथ शुरू किए गए इस व्यवसाय में आज उनके पास 50 से अधिक बकरियां हैं।

समूह की महिलाओं ने न केवल दूध और बकरियों की बिक्री से आमदनी बढ़ाई, बल्कि इसके गोबर से जैविक खाद बनाकर भी अतिरिक्त आय अर्जित की। हर्बल गुलाल बनाने का विचार भी उनके लिए मुनाफे का सौदा साबित हुआ। प्राकृतिक रंगों से बनाए गए इस गुलाल को स्थानीय बाजार में अच्छी कीमत मिली, जिससे समूह को आर्थिक मजबूती मिली। राज्यपाल श्री डेका ने महिलाओं की इस आत्मनिर्भरता को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हैं, बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं।

## आदिवासी गांव सहपाल में सिविक एक्शन प्रोग्राम

**मोहला।** 44वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की ईसीओबी बसेली द्वारा जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ चौकी के आदिवासी गांव सहपाल में 23 मार्च को सिविक एक्शन प्रोग्राम एवं मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अजिथ अगस्टीन बैनी सहायक सेनानी एवं डॉ. सागर ओफालकर चिकित्सा अधिकारी 44वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल तथा ईसीओबी बसेली के पदाधिकारियों /कर्मियों एवं सहपाल गांव के सरपंच लाल सहाय तुलावी की देख-रेख में संपन्न किया गया।

इस अवसर पर सामाजिक दायित्वों के निर्वहन और ग्रामीण उत्थान को ध्यान में रखते सहपाल में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को खेतीबाडी के औजार गैंती, फावडा, खुरपी, छाता, मच्छरदानी, दूरदराज स्कूल में जाने वाले बच्चों को साइकिल, सिलाई मशीन, महिलाओं को घर में इस्तेमाल होने वाले बर्तन, स्वच्छ पानी के लिए वाटर फिल्टर और गांव की स्कूल के लिए 500 लीटर वाटर टैंक प्लास्टिक वितरित किया गया।

## किसानों को बांस की उन्नत खेती का दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कृषि विज्ञान केंद्र में पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन (आर.एन.बी.एम.) योजनांतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में वानिकी विभाग इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. आर. के. प्रजापति ने वर्चुअल माध्यम से कृषकों को बांस की उन्नत कास्त तकनीक, प्रवर्धन विधि, प्रसंस्करण तकनीक एवं बहुमूल्य उत्पादों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बांस की खेती एक बार करने के बाद 40-50 वर्षों तक आय का स्रोत बनी रहती है और इसकी बाजार में बढ़ती मांग इसे एक लाभदायक व्यवसाय बनाती है। कार्यक्रम में केविके बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख तोषण कुमार ठाकुर ने छत्तीसगढ़ एवं बेमेतरा जिले में बांस की खेती, उसकी उपयोगिता एवं बाजार संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने ग्राम कठिया, विकासखंड-बेरला स्थित बांस फैक्ट्री का उल्लेख करते हुए बताया कि यहां प्लास्टिक कोटेड बांस से बाहुबली लाठी, रोड साइड क्रैश बैरियर, फेंसिंग पोल, हाउस वाल जैसे टिकाऊ एवं मजबूत उत्पाद तैयार किए जाते हैं। डॉ. लव कुमार ने बांस की खेती में पोषक तत्व प्रबंधन एवं रखरखाव की तकनीकों पर जानकारी दी, जबकि कीट विशेषज्ञ डोमन सिंह टेकाम ने बांस में लगने वाले कीट एवं रोगों की पहचान और नियंत्रण के उपाय साझा किए।

### डॉ जोशी ने कराया प्रक्षेत्र का भ्रमण

डॉ. जितेंद्र कुमार जोशी ने छत्तीसगढ़ में बांस की पौध नर्सरी की उपलब्धता की जानकारी दी और उपस्थित कृषकों को केविके बेमेतरा के प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया। कार्यक्रम के अंत में कृषकों को कृषि कैलेंडर का वितरण भी किया गया। तकनीकी सत्र के दौरान कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें भूमि चयन, बांस की उपयोगी किस्में एवं आर्थिक लाभ से जुड़े प्रश्नों का समाधान किया गया। इस अवसर पर ग्राम कुरूद, विकासखंड-साजा के प्रगतिशील कृषक राहुल पटेल ने अपने बांस की खेती के अनुभव साझा किए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बेमेतरा जिले के 65 से अधिक कृषक एवं कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

### दूसरे दिन बारिश से मैच धुला

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित सीनियर ग्रुप की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा मैच स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन विरुद्ध रायपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन ब्लू के मध्य प्रारंभ हुआ। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस मैच के पहले दिन बारिश के चलते मैच केवल 39 ओवर का खेला गया।

# शहर में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 300 लोगों ने कराई जांच

- माहेश्वरी भवन में आयोजित शिविर में दवाइयों का भी किया गया नि :शुल्क वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित माहेश्वरी भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। राजधानी रायपुर से विशेषज्ञ डॉक्टर यूरोलॉजिस्ट डॉ आशीष शर्मा, डॉ मनोज गुप्ता हार्ट स्पेशलिस्ट, डॉ कृष्णा सोमानी नेफ्रोलॉजी ,डॉ वैशाली पावनिकर स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ श्रद्धा द्विवेदी डायटिशियन ,डॉ वीचि मिश्रा होम्योपैथिक ने शिविर में अपनी निशुल्क सेवाएं दिए।

इस शिविर में 300 लोगों ने पंजीयन करा कर स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श लिया ।ज्यादातर लोगों ने बीपी शुगर को लेकर चिंतित थे उनकी समस्याओं का निराकरण डाक्टरों ने किया। लाइलाज बीमारी के लोग होम्योपैथि की तरफ रुचि दिखा रहे थे । गम्भीर रूप से बीमार लोगों को डाक्टरों ने परामर्श दिया डाक्टरों ने शिविर में निःशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया । इस दौरान जरूरत मंद लोगों ने इसका लाभ लिए । शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा,मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा ने किया।




### शहर की जनता को मिला लाभ : चंदेल

इस मौके पर पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि बेमेतरा में लंबे अंतराल के बाद विशेषज्ञ डॉक्टर पहुंचे है जिससे शहर की जनता को इसका लाभ जरूर मिलेगा। नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि स्वास्थ्य व्यक्ति के जीवन में बहुत असर करता है हमे समय समय पर अपनी स्वास्थ्य जांच कराते रहना चाहिए, इस तरह के आयोजन से गरीबों को बहुत मदद मिलती है । राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि बेमेतरा सेवा भावना के लिए जाना जाता है अभी तक स्वास्थ्य में पहल नहीं हुई थी हमने स्वास्थ्य शिविर आयोजन कर लोगो को निशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान की है । डॉ आशीष शर्मा ने कहा कि बेमेतरा जिला में कही भी स्वास्थ्य को लेकर, इलाज या परामर्श हो हम सब डॉक्टर निशुल्क सेवाएं देंगे। इस शिविर में प्रमुख रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोमल ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, पार्षद पांचू साहू, नीतू कोठारी पार्षद, लक्की साहू पार्षद, रवि मुलवानी पार्षद, गोपी देवांगन, अभिनव ठाकुर, अनिल छाबड़ा, डॉ लाला राम साहू, रीना देवी साहू, मीनू पटेल, मोहन वर्मा गोलू कौशल, संतोष वर्मा व कमलेश वर्मा उपस्थित रहे।

# जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मना

- सामाजिकजनों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

जैन सम्प्रदाय के प्रथम तीर्थकर ऋषभदेव आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव 23 मार्च को उत्साह और उमंग के साथ दिगंबर जैन मंदिर गंज लाइन में मनाया गया।

शोभायात्रा के पश्चात आदिनाथ भगवान की खड्गासन प्रतिमा का महा मस्तकाभिषेक विद्वान शास्त्री एवं प्रभात भैया के मार्गदर्शन में चंद्रकांत जैन द्वारा बोलियो के माध्यम से पात्रों का चयन करते सौधर्में इंद्र, कुबेर इंद्र, ईशान इंद्र, महेंद्र इंद्र बनकर श्रावक सृष्टिजनों ने अभिषेक एवं शांति धारा कर पुण्य लाभ लिया। तत्पश्चात भगवान की महाआरती समाज के सभी श्रावकों ने सामूहिक रूप से की। इसके बाद आदर्श महिला मंडल द्वारा स्वल्पाहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने एवं अहिंसा धर्म की प्रभावना के लिए जैन समाज के अध्यक्ष अशोक झंझरी, पीसी जैन, पप्पू भैया, कोषाध्यक्ष सुधेश जैन, रविकांत जैन, पूनम जैन, पार्षद राजेश जैन, राजीव जैन, अनिल जैन, अखिलेश जैन, ललित जैन, महिला मंडल अध्यक्ष सीमा जैन, मनोज जैन ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी दिगम्बर जैन पंचायत के सचिव सूर्यकांत जैन ने दी।



### हर्षोल्लास से निकली शोभायात्रा

समाज के सचिव सूर्यकांत जैन ने बताया कि सुबह 08 बजे भगवान श्री आदिनाथ की शोभायात्रा शहर भ्रमण एवं अहिंसा धर्म प्रभावना के लिए निकली। जिसमें समाज की महिला, पुरूषों एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा में जैन आदर्श महिला मंडल ने विशेष पोशाक पहनकर शोभायात्रा को आकर्षक बनाया। वहीं जैन समाज के युवा साथियों ने भगवान के रथ को स्वयं अपने हाथों से खींचा और भक्ति के साथ भजन गाते शोभायात्रा जैन पताका फहराते गंज लाइन, भरकापारा, लोहारपारा, गंज चौक, रामाधीन मार्ग होते हुए मंदिर में समापन किया गया।


online Booking:-www.tripuryatra.com




23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025,
25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411